**भारत सरकार**
**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 3434**
**20 मार्च, 2025 को उत्तर दिये जाने के लिए**

# हैदराबाद में एसबीएम-यू

**†3434. श्री इटेला राजेंदरः**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास हैदराबाद और तेलंगाना में सीवेज शोधन सुविधाओं तथा भूमिगत जल निकासी प्रणाली के निर्माण के लिए स्वच्छ भारत मिशन-शहरी (एमबीएम-यू) के तहत पर्याप्त धनराशि आवंटित करने का कोई प्रस्ताव है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री**
**(श्री तोखन साहू)**

(क) और (ख) : तेलंगाना सहित सभी राज्यों में 1 अक्टूबर, 2021 को शुरू किए गए स्वच्छ भारत मिशन - शहरी (एसबीएम-यू) 2.0 के तहत, 1 लाख से कम आबादी वाले शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) के लिए अपशिष्ट जल प्रबंधन के लिए एक नया घटक प्रयुक्त जल प्रबंधन (यूडब्ल्यूएम) शामिल किया गया है, इसलिए हैदराबाद एसबीएम-यू 2.0 के यूडब्ल्यूएम घटक के अंतर्गत शामिल नहीं है। एक लाख से अधिक आबादी वाले यूएलबी को अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत) के अंतर्गत शामिल किया गया है।

अमृत के तहत तेलंगाना राज्य में 1,663.08 करोड़ रुपये की लागत वाली 66 परियोजनाएं पूरी की गई हैं, जिनकी क्षमता 18.25 एमएलडी है। इनमें 203.3 करोड़ रुपये की लागत वाली 4 सीवरेज/सेप्टेज प्रबंधन परियोजनाएं शामिल हैं। इसके अलावा, अमृत 2.0 के तहत तेलंगाना राज्य में 1,132 एमएलडी क्षमता वाली 9,584.26 करोड़ रुपये की लागत की 252 परियोजनाओं को आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा अनुमोदित किया गया है। 5,775.11 करोड़ रुपये की लागत वाली 12 सीवरेज/सेप्टेज प्रबंधन परियोजनाओं को भी अनुमोदित किया गया है।

अमृत 2.0 के अंतर्गत, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा हैदराबाद के लिए 3,849.1 करोड़ रुपये की लागत की 972 एमएलडी क्षमता की 03 सीवरेज/सेप्टेज प्रबंधन परियोजनाओं को अनुमोदित किया गया है।

एसबीएम-यू 2.0 के अंतर्गत, तेलंगाना राज्य को यूडब्ल्यूएम घटक के अंतर्गत 463.10 करोड़ रुपये की निधियां आवंटित की गई हैं और 463.10 करोड़ रुपये के केंद्रीय हिस्से वाले 934.60 करोड़ रुपये के प्रस्तावों को अनुमोदित किया गया है। अनुमोदित केंद्रीय हिस्से में से अब तक 185.24 करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं।

*****